Rapid Fire करेंट अफेयर्स (04 May)

- **मलिटिरी डफिेंस ससि्टम** को साइबर अटैक से सुरक्षति रखने के लयि संभवतः अगले **महीने देश की डफिेंस साइबर एजेंसी (DCA)** की शुरुआत होने जा रही है। नौसेना के वरषि्ठ अधकिारी रयिर एडमरिल मोहति गुप्ता इसके पहले प्रमुख होंगे और इसका मुख्यालय दलि्ली में होगा। DCA अन्य देशों, खासकर पाकसि्तान और चीन से होने वाले साइबर अटैक के खतरे से नपिटने का काम करेगी। साइबर एजेंसी का दायरा धीरे-धीरे देशभर में बढ़ाया जाएगा, जहाँ यूनटि में साइबर सक्यिोरटिी हेड तैनात कयि जाएंगे। यह एजेंसी भारतीय सशस्त्र बलों और DRDO के साथ मलिकर हैकर्स को रोकने का काम करेगी। **पाकसि्तान या चीन के हैकर** हमारे डफिेंस ससि्टम में सेंधमारी की कोशशि करते रहते हैं और अक्सर ऑनलाइन हमला करते रहते हैं। गौरतलब है कि सैन्य बलों में पेन ड्राइव और मैलवेयर राइड हार्डवेयर का उपयोग करने को लेकर सैन्यकर्मयिों को पहले से ही चेतावनी जारी की जा चुकी है।
- 1 से 10 मई तक **भारतीय और फ्राँसीसी नौसेनाओं** के संयुक्त नौसेना अभ्यास का पहला भाग **वरुण 19.1, गोवा समुद्र तट** के नकिट आयोजति कयिा जा रहा है। इस अभ्यास को दो चरणों में आयोजति कयिा जाएगा। गोवा में आयोजति हार्बर चरण में दोनों देशों के नौसेना अधकिारयिों के दौरे, पेशेवर वार्तालाप एवं वचिार-वमिर्श तथा खेल आयोजन शामलि होंगे। समुद्री चरण में वभिन्नि प्रकार के समुद्री संचालनों से जुड़े अभ्यासों को शामलि कयिा जाएगा। अभ्यास का दूसरा भाग **वरुण 19.2** मई के अंत में **जबिूती** में आयोजति कयिा जाएगा। इस द्वपिक्षीय नौसैन्य अभ्यास की शुरुआत 1983 में की गई थी। वर्ष 2001 में इसका नाम 'वरुण'रखा गया। यह भारत और फ्राँस की रणनीतकि साझेदारी का एक महत्त्वपूर्ण हसि्सा है।
- 2 मई को उपराष्ट्रपतिएम. वेंकैया नायडू ने 13वीं शताब्दी के **वैष्णव संप्रदाय** के प्रख्यात गुरु, दार्शनकि एवं कवि **वेदांत देसकिन की 750वीं जयंती** के अवसर पर स्मारक डाक टकिट जारी कयिा। वेदांत देसकिन वैष्णव संप्रदाय के शुरुआती गुरुओं में से हैं। स्मारक डाक टकिट जारी करने का उद्देश्य वेदांत देसकिन को श्रद्धांजलि देने के साथ युवा पीढ़ी को उनके नक्शे-कदम पर चलने के लयि प्रोत्साहति करना है। वेदांत देसकिन सरि्फ आध्यात्मकि गुरु नहीं थे, बल्कि वह बहुमुखी प्रतभिा वाले व्यक्तति्व थे। वह एक वैज्ञानकि, तर्कसद्धि, गणतिज्ञ, साहति्यकार, भाषा-वज्ञिानी और रणनीतकिार थे। 1268 ईस्वी में जन्मे, वेदांत देसकिन वैष्णव दार्शनकि थे और रामानुज के बाद के काल में वैष्णववाद के सबसे प्रखर व्यक्तति्वों में से एक थे। उनकी आध्यात्मकि शक्षिाओं का आधार शांति और मानवता थी।
- अमेरकिा के 25 प्रभावशाली सांसदों ने ट्रंप प्रशासन से भारत को व्यापार में दी गई **सामान्य तरजीही व्यवस्था (GSP)** समाप्त नहीं करने को कहा है। उन्होंने अमेरकिी व्यापार प्रतनिधि रॉबर्ट लाइटहाइज़र से अपील की है कि 3 मई को 60 दनि की अवधि समाप्त होने के बाद भी भारत के साथ GSP कार्यक्रम को खत्म नहीं कयिा जाना चाहयि, क्योंकि इसका अमेरकिी कंपनयिों पर प्रतकिूल प्रभाव पड़ेगा। इससे वे अमेरकिी कंपनयिाँ प्रभावति होंगी जो भारत में अपना नरि्यात बढ़ाना चाहती हैं। गौरतलब है कि GSP अमेरकिा का सबसे बड़ा और पुराना **व्यापार तरजीही कार्यक्रम** है। यह कार्यक्रम चुनदिा लाभार्थी देशों के हजारों उत्पादों को शुल्क से छूट देकर उनकी आर्थकि वृद्धि को बढ़ावा देने के लयि शुरू कयिा गया था।
- कुछ समय पूर्व **हनोई** में हुई असफल **शखिर वार्ता** के बाद **उत्तर कोरयिा** ने अमेरकिी प्रतबिंध की धमकयिों को दरकनिार करते हुए 4 मई की सुबह पूर्वी सागर में कम दूरी तक मार करने वाली कई मसिाइलों का परीक्षण कयिा। दोनों ही पक्षों के बीच प्रतबिंधों और प्योंगयांग के परमाणु आयुधों को लेकर सहमति नहीं बन पाई थी। दक्षणि कोरयिा के जॉइंट चीफ ऑफ स्टाफ के अनुसार, इन्हें उत्तर कोरयिा के पूर्वी तट से लगे होदो प्रायद्वीप के वोनसन के पास से प्रक्षेपति कयिा गया। उत्तर कोरयिा के इन परीक्षण को परमाणु वार्ता में गतरिोध के मद्देनज़र अमेरकिा पर दबाव बनाने के प्रयास के रूप में देखा जा रहा है। इन मसिाइलों ने पूर्वी सागर में 70 से लेकर 100 कलिोमीटर तक की दूरी तय की। यह परीक्षण ऐसे समय कयिा गया है जब अंतरराष्ट्रीय समुदाय कोरयिाई **प्रायद्वीप के परमाणु नरिस्त्रीकरण** को लेकर बातचीत कर रहा है। ज्ञातव्य है कि उत्तर कोरयिा ने इससे पहले नवंबर 2017 में मसिाइल का परीक्षण कयिा था।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-may-04